

## एक नजर में

### कैंपस ड्राइव में छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**उज्जैन।** एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, उज्जैन मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में से एक है। जो तकनीकी एवं प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान का उद्देश्य छात्रों को उद्योग-प्रासंगिक शिक्षा प्रदान करके उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। हाल ही में यश टेक्नोलॉजीज़ के कैंपस ड्राइव में एमआईटी एवं एमआईटीएम के पांच छात्रों का चयन हुआ। बीटेक कंप्यूटर साइंस से चिराग पुरोहित एवं आयुष पाटीदार, बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस से अक्षिता वशिष्ठ तथा एमआईटीएम से बीटेक कंप्यूटर साइंस के जतिन सहजवानी एवं शुभम कुशवाह का चयन ट्रेनी सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर हुआ। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में संस्थान के प्लेसमेंट प्रदर्शन ने नए मानदंड स्थापित किए हैं। 250 से अधिक प्रमुख कंपनियों ने हमारे कैंपस में भर्ती प्रक्रिया पूरी की है। इस वर्ष छात्रों को प्राप्त औसत पैकेज 6 लाख वार्षिक रहा, जबकि सर्वोच्च पैकेज 27 लाख वार्षिक दर्ज किया गया। इस अवसर पर एमआईटी के निदेशक डॉ. मुकेश शुक्ला ने कहा छात्रों की यह उपलब्धि संस्थान के शैक्षणिक मानकों एवं प्रयासों का प्रतिफल है। हमें विश्वास है कि यश टेक्नोलॉजीज़ जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में ये छात्र अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे। एमआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट्स, उज्जैन के सचिव श्री आदित्य वशिष्ठ ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा एमआईटी ग्रुप का उद्देश्य हमेशा से छात्रों को उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण देना रहा है। यह चयन हमारे संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। हमारे छात्रों ने अपनी मेहनत से यह साबित कर दिया है कि वे किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। यश टेक्नोलॉजीज़ द्वारा आयोजित इस कैंपस ड्राइव में चयनित छात्रों को 6.00 से 8.00 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर ट्रेनी सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर नियुक्त किया गया है। कंपनी ने इस प्रक्रिया में ऑनलाइन टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन एवं तकनीकी साक्षात्कार जैसे चरणों का आयोजन किया था। एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स की पूरी टीम चयनित छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती है।



### बैंक अपने ग्राहक की प्रगति पर खुश होती है

**उज्जैन।** उक्त बात स्थानीय कालिदास अकादमी में पीएनबी के मंडल प्रमुख युवराजसिंह राठौड़ ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम में बैंक द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओं के साथ नए प्रोडक्ट्स की जानकारी देते हुए कही। अध्यक्षता करते हुए आपने उपस्थित ग्राहकों को बताया कि जब किसी ग्राहक के व्यवसाय में वृद्धि होती है तो उसके माता पिता के बाद सबसे ज्यादा खुशी उसके बैंक को होती है और बैंक उसकी उत्तरोत्तर प्रगति की कामना के साथ अन्य योजनाओं के माध्यम ओर ऋण उपलब्ध करवाता है। जिससे कि उसका ग्राहक समृद्ध और सक्षम बने। उपमंडल प्रमुख विशाल यादव ने बताया कि इसी कड़ी में उज्जैन मंडल के नौ जिलों में एक साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सुबोध कुमार महाप्रबंधक थे। विशेष अतिथि सदस्य वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार उल्हास वैद्य ने अपने उद्बोधन में बैंक द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना करते हुए उपस्थित लोगों से विभिन्न योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का अनुरोध किया। मुख्य अतिथि सुबोध कुमार ने वर्तमान में बैंक द्वारा आकर्षक ब्याज दर व आसान शर्तों पर उपलब्ध एमएसएमई की विभिन्न स्कीम्स में दिए जाने वाले ऋण की जानकारी के साथ ग्राहकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। अतिथियों का स्वागत भगवान शर्मा, राधेश्याम त्रिपाठी, विजय टेलर, वीरेंद्र लड्डा, आशीष यादव, ऋतुराज भुजेरिया, राहुल चौधरी, प्रदीप शिरस्ट, चित्रार्थ गौतम, पीयूष शुक्ला, तन्वी उपाध्याय, रेणु खानगांवकर, रूपाली चंद्रावत, संकित चोपड़ा, धर्मेंद्र करोसिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन गरिमा सोनी ने किया एवं आभार रोहित अग्रवाल ने माना।



### स्व. अरोरा की स्मृति में अखंड पाठ

**उज्जैन।** सिख समाज के जत्थेदार सुरेंद्र सिंह अरोरा की स्मृति में गुरुद्वारा सुखसागर उज्जैन में अखंड पाठ की समाप्ति हुई हुई। ज्ञानी नेहल सिंह, ज्ञानी अजीत सिंह निमाना एवं गुरुद्वारा श्री गुरु नानक घाट के मुख्य ग्रंथी सुरजीत सिंह द्वारा शब्द कीर्तन एवं पाठ किया गया। उपस्थित साध संगत की आंखों में आंसू आ गए जब उनकी पुत्रियों प्रीति छाबड़ा, जसलीन छाबड़ा (इटली), स्वाती सरीन ने आंखों में आंसू लिए शब्द कीर्तन किया। इस अवसर पर उन्हें पिलकेंद्र अरोड़ा, सुरजीत सिंह टुटेजा, एवं मैडम तिवारी द्वारा श्रद्धांजलि भी दी गई। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ केंद्रीय श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष हरपाल सिंह भाटिया, सुरजीत सिंह टुटेजा एवं सुरजीत सिंह खालसा द्वारा शोक संदेश पढ़े। सिख समाज के संभागीय प्रवक्ता एस एस नारंग ने बताया कि सरदार सुरेंद्र सिंह अरोड़ा का 20 मई को मुंबई के लीलावती अस्पताल में दुखद निधन हो गया था। वे मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ केंद्रीय श्री गुरु सिंघ सभा के महासचिव भी थे। उनके प्रयासों से उज्जैन में एक विशाल गुरुद्वारा, श्री गुरु नानक घाट का निर्माण हुआ व 1974-75 में हुए माधव कॉलेज छात्र संघ के अध्यक्ष भी रहे। वह एक वरिष्ठ समाजसेवी एवं एक कुशल प्रभावी वक्ता के रूप में भी लोकप्रिय थे। कार्यक्रम का संचालन चरणजीत सिंह कालरा ने किया।

### 13 अगस्त को खब्बुओं का जमघट

**उज्जैन।** आगामी 13 अगस्त को वर्ल्ड लेफ्ट हेंडर डे पर एक जाजम पर एकत्रित होंगे लेफ्टी। लेफ्टी मनोहर रांगी ने बताया कि लेफ्ट हैंड दिवस पर लेफ्टी अपनी अलग-अलग प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर लेफ्टी दिवस को खास बनाएंगे। संरक्षक दिनेश जैन हाईकमान, दिनेश दिग्गज व संयोजक अजीत पोरवाल सुगनचंद जैन के आतिथ्य में गायन वादन कविता डांस नृत्य मिमिक्री तत्काल भाषण वाद विवाद उल्टी बोली जैसी कला का प्रदर्शन कर अपनी विशिष्ट प्रतिभाओं को प्रदर्शित करेंगे। सहभागी लेफ्टी को मिस्टर लेफ्टी, मिस लेफ्टी, मिसेज लेफ्टी, मास्टर लेफ्टी जैसे पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। दिनेश विजयवर्गीय, किशोर भाटी, डॉ. राजकुमार जोशी, धनीराम रायकवार, राजेश शर्मा, राजेश तिवारी, अमित पोरवाल, अनुजित पोरवाल ने शहर के लेफ्टहेंडर्स को आमंत्रित कर सहभागिता की अपील की हैं।।

### श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस की बैठक संपन्न

**उज्जैन।** शहीद पार्क पर कर्मचारी कांग्रेस के संयोजक एवं क्रेडिट को आपरेटिव के संचालक प्रकाश सोलंकी की अध्यक्षता में मीटिंग सम्पन्न हुई। मीटिंग में आगे की रणनीति कानूनी लड़ाई को गति देने के लिये एक कमेटी का भी गठन किया गया है। मीटिंग में 100 श्रमिकों से ज्यादा की उपस्थिति हुई। मीटिंग में आफिस भी खोलने का निर्णय लिया गया जो सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। आने वाली कार्यप्रणाली का संचालन डिवाईन वैली देवास रो? पर आफिस भी ले लिया गया है। बैठक को सफल बनाने में अहम योगदान शीतलप्रसाद राठौर, रामचन्द्र चैधरी, शिवाजीराव शिन्दे, राजेश समेले, रंजीत बो?ाना आदि ने किया। आभार मुकुट बिहारी ने माना।

# गणवेश के लिए जमा करो कैश, वरना वेतन से राशि होगी लेस


## महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के जिम्मेदारों की दो टूक, गणवेश के लिए फरमान

**उज्जैन। आखिरकार महाकाल मंदिर में एक और नवाचार हो ही गया, जिसकी लंबे समय से मांग की जा रही थी। जिस प्रकार से एक निश्चित ड्रेस कोड रहता है वैसा महाकाल मंदिर में भी अब दिखाई देगा। पंडित, पुजारी, पुरोहितों से लेकर कर्मचारी निश्चित वेशभूषा में दिखाई देंगे। हालांकि इसके लिए सभी को राशि खर्च करना पड़ेगी और ड्रेस खरीदना पड़ेगी यदि राशि जमा नहीं की तो वेतन से राशि काट ली जाएगी।**

विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर मंदिर में आए दिन होने वाले विवादों और तमाम तरह की समस्याओं से निजात पाने के लिए मंदिर प्रबंध समिति ने एक और नवाचार किया है। अब मंदिर प्रबंध समिति के अंतर्गत कर्त्तव्यरत पुजारी पुरोहित प्रतिनिधि कर्मचारी एवं रसोइयों को निर्धारित गणवेश पहन कर ड्यूटी पर आना होगा।

अब तक महाकालेश्वर मंदिर में कर्मचारियों के लिए कोई विशिष्ट यूनिफॉर्म नहीं है। पुजारियों और पुरोहितों के लिए एक पारंपरिक वेशभूषा है। पुरुषों के लिए धोती-सोला और महिलाओं के लिए साड़ी. मंदिर प्रशासन ने ड्रेस कोड लागू किया है, जिसमें पुरुषों को धोती, सोला, बनियान, उपवस्त्र और महिलाओं को साड़ी पहनना अनिवार्य है। हालांकि महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने यह पत्ते नहीं खोले हैं कि कौन सी ड्रेस, गणवेश तैयार किया गया है।

महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति के ड्रेसकोड के अंतर्गत गर्भगृह में आने वाले सभी पुरुषों को धोती-सोला और महिलाओं को साड़ी पहनना अनिवार्य कर रखा है। अचंभित करने वाली बात यह है कि अब भी इसका पालन कराया जा रहा है और श्रद्धालु करते भी हैं। हालांकि गर्भगृह में सामान्य तौर पर प्रवेश बंद है। बावजूद इसके जो नियम में आते हैं वह गर्भगृह में जाकर दर्शन कर सकते हैं। बावजूद इसके जो नियम में नहीं आते हैं उनके लिए कलेक्टर पृथक से अनुमति देते हैं उन्हें भी ड्रेस कोड का निर्धारण करना होता है।



कार्यालय श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, उज्जैन

www.shrimahakaleshwar.com FAX-0734-2550144/0734-2550563

क्रमांक 1951 /महा.मं./स्थापना/2025 उज्जैन, दिनांक 25/07/2025

आदेश

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अंतर्गत कर्तव्यरत पुजारी, पुरोहित, प्रतिनिधि, कर्मचारी एवं रसोईयों को गणवेश क्रय करने हेतु दिनांक 18.07.2025 को गणवेश राशि का भुगतान बैंक अंतरण के माध्यम से किया गया है, कर्तव्यरत समस्त पुजारी, पुरोहित, प्रतिनिधि, कर्मचारी एवं रसोईयां उक्त भुगतान की गई राशि से गणवेश तैयार करवाया जाकर, गणवेश क्रय करने संबंधी देयक दिनांक 30/07/2025 तक मंदिर की लेखा शाखा में अनिवार्यतः जमा कराया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा माह अगस्त-2025 में प्रदाय किए जाने वाले अंश/वेतन/मानदेय/पारिश्रमिक में से उक्त प्रदाय की गई राशि कटौत्रा कर भुगतान किया जावेगा, जिसके लिए सर्वसंबंधित व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेंगे।

उप प्रशासक
श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति,
उज्जैन

पृ.क्रमांक 1951 /महा.मं./स्थापना/2025 उज्जैन, दिनांक 25/07/2025

प्रतिलिपि :-

1. प्रशासक, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति उज्जैन।
2. उप प्रशासक/सहायक प्रशासक/प्रभारी कंट्रोल रूम श्री महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन।
3. अध्यक्ष पुजारीगण समिति/अध्यक्ष पुरोहित समिति श्री महाकालेश्वर मंदिर की ओर भेजकर लेख है कि, स्वयं एवं अपने अधीनस्थ पुजारी, पुरोहित एवं प्रतिनिधियों से उक्त आदेश का पालन कराया जाना सुनिश्चित करें।
4. श्री विपिन ऐरन, लेखापाल, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति उज्जैन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रभारी निदेशक, श्री महाकालेश्वर वैदिक प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान/प्रबंधक, पं. सूर्यनारायण व्यास अतिथि निवास/जनसंपर्क अधिकारी/लेखापाल/चिकित्सक/प्रभारी स्थापना शाखा/प्रभारी स्टोर शाखा/कोठारी/कैशियर/प्रभारी लड्डू प्रसाद निर्माण/प्रभारी लड्डू प्रसाद सप्लाय/प्रभारी सुरक्षा/प्रभारी आई.टी./प्रभारी विधि/प्रभारी विद्युत/प्रभारी भस्मार्ती/प्रभारी निर्माण/प्रभारी वाहन/प्रभारी भेंटपेटी/प्रभारी श्री महाकालेश्वर अतिथि निवास/प्रभारी निःशुल्क अन्नक्षेत्र/प्रभारी गौशाला/ सह प्रभारी नंदी मण्डपम्, गणेश मण्डपम् व सभा मण्डपम्/निरीक्षक/सत्कार शाखा, श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति, उज्जैन की ओर भेजकर लेख है कि, स्वयं एवं अधिनस्थ कर्मचारियों को उक्त आदेश से अवगत कराया जाकर, आदेश का पालन कराया जाना सुनिश्चित करें।
6. सर्व संबंधित श्री ............................ श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
7. व्यक्तिगत नस्ती।

उप प्रशासक
श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति,
उज्जैन

### महाकाल मंदिर में पत्र किया जारी

ड्रेस कोड का निर्धारण होने से पृथक से इन सबकी पहचान होगी, और देश दुनिया में अच्छा संदेश जाएगा। महाकाल मंदिर के उप प्रशासक द्वारा पत्र जारी कर दिया गया है। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया गया है कि कर्त्तव्यरत समस्त पुजारी पुरोहित प्रतिनिधि कर्मचारी एवं रसोईयो को उक्त गणवेश खरीदना भी है। इसके लिए लेखा शाखा में तय राशि जमा कराई जाए यदि राशि नहीं जमा कराई जाती है तो अगस्त 2025 की जो सैलरी वेतन मानदेय पारिश्रमिक में मिलेगा। उसमें से गणवेश राशि काट ली जाएगी। उसके लिए सर्व संबंधित व्यक्ति ही उत्तरदाई रहेंगे।

### कलेक्टर व प्रशासक हुए सक्रिय

महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष और जिलाधीश रोशन कुमार सिंह से लेकर मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने यह जो गणवेश का नवाचार किया है। इसकी प्रशंसा की जा रही है। छुटपुट विवादों को यदि छोड़ दें। तो महाकाल मंदिर में सावन और भादो के मास में जिस प्रकार से श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। ऐसे में नियम कायदे कानून के तहत कसावट लाना जरूरी है। जिससे एक तो विवाद के साथ किसी प्रकार का फर्जीवाड़ा इस दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के साथ नहीं हो पाएगा। जिसकी अलग-अलग बानगी महाकाल सवारी से लेकर नाग पंचमी की तैयारी तक देखी जा सकती है।

# गंभीर डेम में पर्याप्त पानी, जलप्रदाय में किसी प्रकार की समस्या नहीं : योगेंन्द्र सिंह उपायुक्त

**उज्जैन। शहर की जल प्रदाय व्यवस्था का मुख्य केंद्र गंभीर बांध में 20 दिन का पानी शेष है। साथ ही गंभीर बांध में अभी वर्तमान में 160 एमसीएफटी पानी की क्षमता है। इसी के साथ केचमेंट एरिया से चैनल कटिंग करते हुए पर्याप्त पानी सप्लाई किया जा सकता है। शहरवासियों को किसी भी प्रकार से गलत भ्रांति में आने की आवश्यकता नहीं है शहर के नागरिकों को पूर्ण क्षमता के साथ जल प्रदाय किया जाएगा यह बात उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक में कही गई।** शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा उपायुक्त पटेल द्वारा समिति प्रभारी सदस्य प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में की गई। समीक्षा बैठक में उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि गंभीर बांध से पेयजल क्षमता पर ज्यादा लोड ना पड़े इसके लिए साहेब खेड़ी से भी पानी लिया जा रहा है। जिससे शहर की पानी की टंकी को भरा जा रहा है। चैनल कटिंग का कार्य प्राथमिकता से किया जाकर कैचमेंट एरिया में जो पानी है उससे शहर में पेयजल निर्बाध रूप से सप्लाई किया जा सकता है। आपने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शहर के जो पंप हाउस है उसमें बार-बार विद्युत सप्लाई बाधित होने की शिकायत मिलती है। इसके लिए एमपीईबी को पत्र लिखें ताकि विद्युत व्यवस्था बाधित न हो और पंप अपनी पूर्ण क्षमता के साथ निरंतर चलते रहें जिससे पानी की टंकियां अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भरी जा सकेगी। शहर में जिन क्षेत्र में डायरेक्ट लाइन से नल कनेक्शन दिए गए हैं ऐसे कनेक्शन को काटा जाए एवं जिन क्षेत्रों में 24 घंटे लाइन में पानी रहता है। वहां पर वॉल लगाया जाए ताकि पानी के अपव्यय को रोका जा सके एवं पीएचई विभाग के अधिकारी वार्डों में भ्रमण करें ताकि जहां पेयजल लाइन लीकेज है। उसे संधारण करते हुए पानी को व्यर्थ बहाने से बचाया जा सके। समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जलप्रदाय के दौरान गंदे पानी की सप्लाय ना हो इस बात का ध्यान रखा जाए। उसकी प्रतिपूर्ति सम्बंधित ठेकेदार से करवाई जाए। बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई वैभव भावसार, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, पवन कुमार फुलफकीर, सहायक यंत्री शिवम दुबे, राजीव गायकवाड़ एवं उपयंत्री गण उपस्थित रहे।

# जीवाजीगंज पुलिस ने वाहन चोरी का किया खुलासा

## फर्जी फायनेंस गिरोह का पर्दाफाश, 13 लग्ज़री दो पहिया गाड़ियां बरामद

**उज्जैन।** थाना जीवाजीगंज के दो पहिया वाहन चोरी संबंधी मामले के अपराध की विवेचना से नागदा के चार युवकों द्वारा फायनेंस कंपनियों के एजेन्टों को शामिल कर संगठित गिरोह बनाकर वाहनों के फर्जी फायनेंस करवाकर सस्ते दामों पर वाहनों को बेचकर फायनेंस कंपनी एवं बैंको को चूना लगाकर बड़ी धोखाधड़ी किये जाने के मामले का पर्दाफाश किया गया है।



थाना जीवाजीगंज पर 18 जुलाई को फरियादी आवेश पिता अय्युब खान, उम्र-25 साल, निवासी-ढाबा रोड उज्जैन के द्वारा उसे आरोपी जावेद उर्फ गोलू द्वारा विक्रय पत्र लिखकर हीरो हाण्डा शाइन एस पी 125 सीसी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-13 जेड एन 6535 बेचे जाने के दो दिन उपरान्त ही उक्त मोटरसाइकिल 13 जुलाई 2025 की रात्रि में अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर ले जाये जाने की रिपोर्ट लेख करायी गयी। जिस अपराध की विवेचना में सीसीटीवी फुटेज से ज्ञात हुए चोरी करने वाले युवक जीशान, उमरान एवं मोन्टू रघुवंशी का फरियादी को मोटरसाइकिल बेचने वाले जावेद खान के ही साथी होना ज्ञात हुआ। आरोपियों से पूछताछ पर फरियादी को बेची गयी शाइन मोटरसाइकिल आरोपी जीशान के मृत पिता अनवर खान की मृत्यु के लगभग चार साल उपरान्त उनके नाम से फर्जी तरीके से वाहन फायनेंस करवाकर फरियादी को बेचे जाने की जानकारी लगी। साथ ही आरोपियों द्वारा महिदपुर के हिन्दूजा लिलेंट फायनेंस के एजेन्ट कपिल राठौर तथा रतलाम के आई.डी.एफ.सी. फायनेंस के एजेन्ट अक्षय एवं एस.डी.एफ.सी. बैंक के एजेन्ट महेन्द्र तथा बड़नगर के एस.डी.एफ.सी. फायनेंस के एजेन्ट विनोद के साथ मिलकर विभिन्न दो पहिया वाहनों की कंपनियों के शो-रूम से शराबी अथवा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को चार-पांच हजार का प्रलोभन देकर उनके दस्तावेजों से अब तक 34 वाहन फायनेंस करवाकर आने-पोने दामों में विभिन्न लोगों को बेचे जाने का ज्ञात हुआ। अब तक जीवाजीगंज पुलिस के द्वारा 34 में से 13 वाहन जब्त किये गये। जिनके कीमत लगभग 19 लाख रुपए है। सभी वाहन लग्जरी श्रेणी की रायल इंफील्ड, यामाहा आर-1-5, एक्टिवा व शाइन जैसी मोटरसाइकिले पुलिस द्वारा वाहन क्रेताओं के द्वारा वाहन के रजिस्टर्ड ऑनर के बिना ही बिना किसी वेध लिखापड़ी के सस्ते दामों में वाहन खरीदे जाने से उन्हें भी प्रकरण में आरोपी बनाया गया है।

प्रकरण में धारा 317 (2) बी.एन.एस. एवं 318 (4) बी.एन.एस. का इजाफा किया गया। प्रकरण में 2 आरोपी इमरान एवं मोन्टू रघुवंशी न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल में निरुद्ध कराये गये हैं। आरोपी जीशास एवं जावेद पुलिस रिमाण्ड पर है, जिनमें वाहनों की बरामदगी की जा रही है।

### थाना खाराकुंआ पुलिस ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

उज्जैन। पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं पुलिस महानिदेशक व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार संपूर्ण मप्र में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी विषय पर प्रदेशव्यापी जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत थाना खाराकुआं जिला उज्जैन में नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी खाराकुआं द्वारा नगर सुरक्षा समिति के सभी सदस्यों को नशे से दूरी बनाए रखने, समाज को नशा मुक्त बनाने एवं नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य नशे के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाना। युवाओं को नशे से दूर रखने में सहयोग करना। अपराध नियंत्रण में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना। इस अवसर पर थाना प्रभारी खाराकुआं द्वारा बताया गया कि समाज की सक्रिय सहभागिता से ही हम नशे जैसी सामाजिक बुराई पर प्रभावी नियंत्रण कर सकते हैं। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि यदि किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की नशे से जुड़ी गतिविधि की जानकारी हो, तो वह बिना किसी डर या झिझक के थाना खाराकुआं या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। इस आयोजन में स्थानीय समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से नशे के खिलाफ अभियान में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया।

### 24 घंटे के भीतर बालक को दस्तयाब किया

**उज्जैन।** राधाकिशन चौहान निवासी ग्राम ताजपुर ने थाना पंवासा आकर रिपोर्ट किया कि मेरा सबसे छोटा लड़का अभिषेक चौहान उम्र 14 साल 7 माह है। 23 जुलाई के दिन करीब 3.30 बजे मैं मेरी पत्नी व परिवार के साथ घर पर ही था। फिर थोड़ी देर बाद मेरा लड़का अभिषेक घर के बाहर चला गया था बहुत देर होने के बाद मैंने अभिषेक के मोबाइल पर फोन लगाया तो अभिषेक बोला कि मैं महाकाल मंदिर आया हूं। दोबारा फोन किया लेकिन उसका फोन नहीं लगा। फिर मैंने मेरे लड़के अभिषेक की तलाश आसपास, महाकाल मंदिर व रिश्तेदारी में किया कही कोई पता नहीं चला।

फरियादी के उक्त रिपोर्ट पर थाना पंवासा पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी पंवासा ने नाबालिग अभिषेक की पतारसी के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया। गठित टीम ने महाकाल मंदिर के आसपास घटनास्थल पर अभिषेक की फोटो दिखाकर तथा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखकर उसकी तलाश की गई। साथ ही बालक अभिषेक के मोबाइल नंबर की लोकेशन के आधार पर यह जानकारी प्राप्त हुई कि उसकी अंतिम लोकेशन जिला इंदौर के आसपास की है। इस सूचना के आधार पर थाना पंवासा की टीम तत्काल जिला इंदौर रवाना हुई और सरवटे बस स्टैंड से बालक अभिषेक को दस्तयाब किया गया। बालक को दस्तयाब करने के पश्चात उसे थाना पंवासा, जिला उज्जैन लाया गया एवं उसके परिजनों को सूचना देकर थाने बुलवाया गया। अभिषेक से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि वह घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन गया था, जहां ताजपुर की ट्रेन के बजाय गलती से इंदौर जाने वाली ट्रेन में सवार हो गया। इंदौर पहुंचने के बाद वह रास्ता भटक गया। उसका मोबाइल भी बैटरी डाउन होने के कारण स्विच ऑफ हो गया था। थाना पंवासा की सक्रियता से बालक को 24 घंटे में दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी पंवासा गमर सिंह मण्डलोई, संतोष राव, प्रधान आरक्षक विनोद ठाकुर, आरक्षक अमर, आरक्षक बृजेंद्र की सराहनीय भूमिका रही।

### 1001 पौधे लगाने का लिया संकल्प

**उज्जैन। अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ जिला एवं युवा शाखा उज्जैन द्वारा जिला अध्यक्ष प्रकाश प्रजापत एवं युवा जिला अध्यक्ष कमल नंदवाना के संयुक्त नेतृत्व में जीवन खेड़ी स्थित फार्म हाउस पर प्रदेश प्रवक्ता गुलाब प्रजापति का जन्म दिवस अनूठे अंदाज में पौधारोपण महोत्सव के रूप में 1001 पौधे लगाने के संकल्प के साथ मनाया।**

महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष नारायण यादव, जिला सचिव सुरेंद्र यादव, राष्ट्रीय संगठन सचिव छगन लाल चक्रवर्ती, प्रदेश महासचिव कैलाश प्रजापत, प्रदेश सांस्कृतिक प्रकोष्ठ दुलीचंद प्रजापति, प्रदेश कोषाध्यक्ष राधा किशन प्रजापत, प्रदेश सह सचिव गोकुल प्रजापत, संभाग अध्यक्ष राजू बाबा, बीपीएचओ प्रमुख मुकेश प्रजापत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों एवं समाज बंधुओ ने मिलकर पौधारोपण महोत्सव में पौधे लगाकर यहां संकल्प लिया कि आगामी सावन माह के अंदर इस 1001 पौधे को हम लगाकर प्राकृतिक के सौंदरीकरण को बढ़ाने का काम करेंगे। अतिथियों का स्वागत दिलीप प्रजापत (मेवाड़ा), कुश्ती चैंपियन मुकेश पहलवान, दीपक प्रजापत (महामंगल), राज उदयवाल, राहुल प्रजापत, आनंद लुनिया, दुर्गेश प्रजापत, तरुण प्रजापत, शंकर प्रजापत, अशोक भदेरा, संजय कुसुंबिवाल, राज देवलिया, बेनी प्रसाद प्रजापत, जितेंद्र प्रजापत, उज्जवल प्रजापत, भावेश प्रजापत, दयाशंकर माली, अजय माली द्वारा आकर्षित दुपट्टा पुष्प माला पहनकर अभिनंदन किया गया।

# पंवासा में देर रात आधा दर्जन लोगों ने घर पर हमला किया

**उज्जैन।** कल रात पंवासा क्षेत्र में रहने वाले एक युवक और उसकी भाभी पर आधा दर्जन लोगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने उनके मकान पर पत्थरों से हमला किय और फिर पड़ोस के मकान की छत से उनके घर में घुसे और दोनों को चाकू मारकर घायल कर दिया। काफी देर तक हंगामा मचा। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पंवासा थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया कि क्षेत्र के विधायक नगर में रहने वाले गज्जू पिता भैरुलाल और उसकी भाभी करीना पर कल पड़ोस की छत से घर में घुसे और देवर-भाभी को चाकू मारे, काफी देर तक मचाया उत्पात इसके बाद पड़ोस के मकान की छत से चढ़कर घर में घुस गए तथा दोनों देवर भाभी पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में दोनों घायल हो गए। हमला करने के बाद सभी आरोपी वहां से भाग निकले। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने हमला कर उनके घर के दरवाजे भी तोड़ डाले। घायलों ने बताया कि आलोक और कार्तिक से दीपावली पर पटाखे बाजी के दौरान उनका विवाद हुआ था और तभी से आरोपी दुश्मनी पाले बैठे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राणघातक हमले का मामला दर्ज कर लिया है।


**महाकाल मंदिर...** 12 से 24 जुलाई तक कितने लोग आए, कितना दान मंदिर समिति ने किया हिसाब

# टिकट लेकर भी श्रद्धालु महाकाल दर्शन कर रहे, दो करोड़ से अधिक की आय

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** इस बार का श्रावण अद्भुत है। क्योंकि देश व दुनियाभर से प्रतिदिन ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। इतना ही नहीं श्रद्धालु टिकट लेकर भी बाबा महाकाल के खूब दर्शन का लाभ ले रहे हैं।

मंदिर समिति की 250 रुपए की शीघ्र दर्शन वाली टिकट बड़ी मात्रा में काउंटरों से बिक रही है। यही कारण है कि समिति को हाल ही के दोनों में 2 करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई है। श्रावण शुरू होने के बाद से अब तक 25 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन कर ही चुके हैं तो मंदिर समिति को दान सहित



विभिन्न मदों से 7 करोड़ रुपए से अधिक की आय भी हो चुकी है। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि 12 जुलाई से 24 जुलाई 2025 तक 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया। वहीं विभिन्न मदों से समिति को 7 करोड़ 88 लाख 59 हजार 705 रुपए की आय प्राप्त हुई है। इनमें दान पेटियों से 1 करोड़ 94 लाख 32 हजार 205 रुपए, 250 की टिकट से 2 करोड़ 91 लाख 01 हजार 500 रुपए व लड्डू प्रसाद 3 करोड़ 03 लाख 26 हजार रुपए की आय हुई है।

### श्री वीर हनुमान से मिलने आए खाटू श्याम, फूलों की वर्षा से स्वागत



महाकाल वन के कार्तिक चौक स्थित स्वयं-भू प्राचीन दक्षिण मुखी श्री वीर हनुमान जी महाराज से पहली बार श्री खाटू श्याम जी मिलने आए। मंदिर में मनाए जा रहे श्रावण महोत्सव 2025 के दौरान यह अद्भुत मिलन हुआ। मंदिर के पुजारी पंडित जस्सू गुरु महाराज, पुजारी नीलेश गुरु, पुजारी कृष्णा गुरु ने बताया वीर हनुमान जी के दरबार में पहली बार ही यह संयोग बला जब श्री श्याम बाबा से मिलने पधारे। भक्तों ने ढोल के साथ पैदल यात्रा निकालते हुए यात्रा निकाली व इत्र व गुलाब के फूलों की वर्षा कर श्री श्याम जी की मंदिर में पधरावनी की। पंडित मदन गुरु ने मंत्रोच्चार कर पूजन संपन्न कराया। इसके पश्चात श्री वीर हनुमान भक्त के तत्वावधान में संगीतमय श्याम भजनों की प्रस्तुति मुकेश भवरिया ने दी। आर्गन पर श्याम गुरु ने संगत की। समापन पर ढोल के साथ हनुमानजी महाराज व श्याम जी की महाआरती की गई व भक्तों को आम रस व ड्राई फ्रूट्स का प्रसाद वितरण किया गया। महाआरती में मंडल के संजय शर्मा, अक्षत गुप्ता, सहदेव शर्मा, लखन गुप्ता, संतोष उपाध्याय, पंडित देवेंद्र पुरोहित, मनोहर उपाध्याय, महिला मंडल की संतोष शर्मा, मोनिका शर्मा, रिमझिम शर्मा, रीना गुप्ता, पूजा शर्मा, सपना उपाध्याय, खुशबू गुप्ता, शांति शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।